भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4740

उत्तर देने की तारीख 29 मार्च, 2023

5जी बेस स्टेशन

4740. श्रीमती नुसरत जहां:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल में दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा 5जी सेवाओं के लिए लगाए गए 5जी बेस स्टेशनों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा पूरे पश्चिम बंगाल में 5जी की बेहतर पहुंच के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) 5जी नेटवर्क द्वारा पूरे देश को कवर किए जाने की अपेक्षित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री

(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) पश्चिम बंगाल राज्य में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने 5जी सेवाओं के लिए 7830 बेस स्टेशन लगाए हैं।

(ख) पश्चिम बंगाल सहित देश में 5जी नेटवर्कों के रोलआउट में तेजी लाने हेतु सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

(i) लो पावर बेस ट्रांसिवर स्टेशन (बीटीएस)/स्मॉल सेलों अर्थात् मौजूदा स्ट्रीट फर्नीचर/अवसंरचना पर स्थापित माइक्रो, पीको और फेम्टो सेलों की एसएसीएफए मंजूरी के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

(ii) स्मॉल सेल और तार लाइन की स्थापना के लिए स्ट्रीट फर्नीचर के उपयोग हेतु आवेदन और समयबद्ध अनुमति के लिए प्रक्रिया को भारतीय तार मार्गाधिकार (संशोधन) नियमावली, 2022 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(iii) गति संचार पोर्टल का शुभारंभ केन्द्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार (सरकारों), स्थानीय निकायों और सेवा प्रदाताओं सहित सभी हितधारकों के बीच सिंगल इंटरफेस उपलब्ध कराते हुए मार्गाधिकार की अनुमतियों को सुकर बनाने तथा इनमें तेजी लाने के लिए किया गया है।

(ग) दिनांक 15.06.2022 के आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) और लाइसेंस शर्तों के अनुसार स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए रोल-आउट दायित्व को स्पेक्ट्रम के आवंटन की तिथि से पांच वर्षों की अवधि में चरणबद्ध रुप से पूर्ण करना अपेक्षित है। आवश्यक रोल-आउट दायित्वों के आगे मोबाइल नेटवर्कों का विस्तार और उनकी निहित लागत दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के तकनीकी-वाणिज्यिक विचार पर निर्भर करता है।

*****